**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–04.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के कारण जनजीवन हुआ प्रभावित, बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में पांच की मौत, मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू और चतरा में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की।**
2. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–राज्यों के समावेशी और निरंतर विकास पर देश का भविष्य निर्भर करता है, उन्होंने, राज्यों से एक–दूसरे की सर्वोत्तम कार्यशैलियों और अनुभवों से सीखने को कहा।**
3. **केंद्र सरकार रांची में करेगा राष्ट्रीय कोयला और ऊर्जा अनुसन्धान केंद्र की स्थापना, विकास कार्यों पर होगा जोर**

4. **ओलम्पिक में तीरंदाजी के एकल रिजर्व मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में दो बार बढ़त बनाने के बाद भी साउथ कोरिया से हारी रांची की दीपिका कुमारी।**

********************

राज्य के अधिकतर हिस्सों में हो रही भारी बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान हुए विभिन्न हादसों में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बोकारो के गोमिआ में एक पुल के बह जाने से आवागमन बंद हो गया है। मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू और चतरा में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। वहीं, पिछले तीन दिनों में सबसे अधिक बारिश रामगढ़, मांडू और कांके में दर्ज की गयी है।

********************

राज्यपालों का दो दिन का सम्मेलन कल राष्ट्रपति भवन में संपन्न हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मेलन में एक–दूसरे के अनुभवों से सीखने की भावना से की गई व्यापक चर्चा के लिए राज्यपालों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्यपालों के कार्यालय के कामकाज को बेहतर बनाने और लोक–कल्याण के लिए मिले सुझावों पर अमल किया जायेगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने राज्यपालों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सभी कार्यक्रमों का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले ताकि समावेशी विकास का लक्ष्य सही मायने में हासिल किया जा सके। राष्ट्रपति ने कहा कि राजभवनों का माहौल भारतीय जीवन–शैली के अनुरुप होना चाहिए और राज्यपालों को आम लोगों के साथ जुड़ने के प्रयासों को तेज़ करना चाहिए। सम्मेलन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यपालों से अपील की कि वे राजभवनों में शासन का आदर्श मॉडल विकसित करें। उन्होंने कामकाज में तकनीक को अपनाने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने शैक्षिक परिसरों को नशामुक्त बनाने के लिए इन संस्थानों के पूर्व विद्यार्थियों का सहयोग लेने की अपील की।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार किसानों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से सुधारों और उपायों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री ने कल दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने किसानों को जलवायु अनुकूल फसलों की एक हजार नौ सौ नई किस्में उपलब्ध कराई हैं।

********************

भारत अगले आठ वर्षों में बीस प्रतिशत क्षेत्र जैविक खेती के तहत ला सकता है। नीति आयोग के सदस्य और कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अध्यक्ष प्रोफेसर रमेश चन्द ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि प्राकृतिक तथा जैविक खेती में वैज्ञानिक गतिविधियों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आरोप लगाया है कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने रांची में विशेष शाखा के सब इन्स्पेक्टर की कल हुई हत्या के आरोपियों की जल्द गिरफ़्तारी की मांग की है। इधर, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने विधि–व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है राज्य में हर दिन पांच हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में वकील और पुलिस भी सुरक्षित नहीं हैं।

वहीं, राज्य में कानून–व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कल वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की और अपराध पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

*******************

कोयला मंत्रालय रांची में राष्ट्रीय कोयला और ऊर्जा अनुसन्धान केंद्र की स्थापना करेगा। मंत्रालय ने अगले वर्ष के लिए बनाई गई अपनी योजना में इसे शामिल किया है। 39 करोड़ रुपए की लागत वाले इस केंद्र में कोयला प्रौद्योगिकी के अनुसन्धान और विकास पर कार्य किया जाएगा। इस वर्ष अक्टूबर महीने तक इस केंद्र का उद्घाटन होने की संभावना है।

*******************

राज्य सरकार द्वारा शुरू किये मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के पहले दिन ही विभाग को 2582 आवेदन प्राप्त हुए हैं। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कल बताया कि इस योजना का लाभ राज्य की लगभग 50 लाख महिलाओं को दिया जाना है। उन्होंने कहा कि पहले दिन ही इस योजना से सम्बंधित वेबसाइट को 15 लाख लोगों ने देखा। श्री कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ 21 से 50 वर्ष तक की वैसी महिलाओं को दिया जायेगा जो किसी अन्य पेंशन योजना का लाभ नहीं ले रही हैं।

*******************

रांची रेल मंडल से चलने वाली 24 ट्रेनों में जेनरल डब्बों की संख्या बढ़ाई जाएगी। रेल मंत्रालय ने कहा है कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। जिन ट्रेनों में डब्बों की संख्या बढ़ेगी उनमें, मालदा टाउन–सूरत, हैदराबाद–रक्सौल, हटिया–एलटीटी, हटिया–बेंगलुरु, हटिया–आनंद विहार, हटिया–पुणे, हटिया–हावड़ा, और हटिया–सम्बलपुर शामिल हैं।

*******************

केन्द्र सरकार रांची और रायपुर के बीच फोरलेन सड़क का निर्माण करा रही है। और जानकारी के साथ हमारे गुमला संवाददाता–

*******************

पेरिस ओलम्पिक में झारखण्ड की तीरंदाज दीपिका कुमारी दो बार बढ़त बनाने के बाद भी एकल रिजर्व मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की खिलाड़ी से हार गयी। इसके साथ ही तीरंदाजी में भारतीय चुनौती खत्म हो गयी है और ओलम्पिक में तीरंदाजी पदक के लिए भारत का 36 वर्षों का इंतजार जारी रह गया।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

**प्रभात खबर ने**–पहले पन्ने पर रांची के कांके में विशेष शाखा के दारोगा की गोली मारकर हत्या किये जाने की खबर को अपनी हेडलाइन बनाई है।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**–खूंटी जिले से पुलिस ने पांच करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ और पंद्रह लाख रुपये नगद के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

**दैनिक भास्कर ने** दिसंबर महीने से ट्रेनों में वेटिंग टिकट को खत्म करके कन्फर्म सीट देने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण लिखता है**–राज्यभर में भारी बारिश से कोयला खदानों में भरा पानी, रामगढ़ के रजरप्पा मंदिर परिसर में बाढ़ जैसे हालात।

**अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने पहले पन्ने पर देश में हो रहे अंग प्रत्यारोपण में दस प्रतिशत मरीज के विदेशों के होने की खबर को प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान टाइम्स** ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के उस बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है जिसमें उन्होंने राज्य सरकार से आदिवासियों की जमीन को सुरक्षित रखने की मांग की है।

**********समाप्त*********